दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-१ ला | अंक-२५२ वा | शनिवार १२ एप्रिल २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रुपये | पन्ने - ४

## बजरंग सोनावनेने ली तीन घंटे रेल्वे मैराथन बैठक

### बीड-नगर-मुंबई रेल सेवा जल्द शुरू करने के निर्देश



बीड : संवाददाता

अहमदनगर-बीड-परळी रेल मार्ग के काम की प्रगति की समीक्षा करते हुए सांसद बजरंग सोनवणे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम की गति धीमी न हो। उन्होंने कहा कि बीड से परळी रेल मार्ग में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है, उन्हें मुआवजा देने में कोई कंजूसी न की जाए और शेष अधिग्रहण मामलों का तुरंत निपटारा किया जाए।

सांसद ने बीड-परळी मार्ग के विद्युतीकरण के कार्य में आ रही अड़चनों को दूर करने, अधूरे रेलवे क्रॉसिंग के कामों को शीघ्र पूरा करने और विद्युत कनेक्शन के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

तीन घंटे चली बैठक

११ अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय में सुबह ११ बजे से बैठक शुरू हुई। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश पाठक, मध्य रेलवे के उपमुख्य अभियंता लोळगे, पाटोदा, बीड, माजलगांव के उपविभागीय अधिकारी, भूमि अधिग्रहण अधिकारी, महावितरण विभाग,



सार्वजनिक निर्माण विभाग और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

विभिन्न कार्यो की समीक्षा

सांसद ने अहमदनगर-बीड-परळी रेल मार्ग पर आष्टि स्टेशन, बीड-वडवणी सेक्शन, वडवणी-सिरसाला बिट, सिरसाला-परळी सेक्शन की स्थिति का विस्तृत आकलन किया। साथ ही सुकळी, खामगांव, तपोवन आदि क्षेत्रों में रेलवे सुविधाओं के लिए अतिरिक्त उपाय योजना की चर्चा की।

बीड-नगर-मुंबई और बीड-नगर-पुणे इंटरसिटी सेवा शुरू करने के निर्देश

सांसद ने बीड-नगर-मुंबई व बीड-नगर-पुणे इंटरसिटी सेवा शुरू करने के लिए आवश्यक कार्यो की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने को कहा।

किसानों को मुआवजा देने के निर्देश

रायमोह, धनगरवाड़ी समेत कई क्षेत्रों के किसानों की अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा समय पर देने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों का आभार व सम्मान

१८ जून २०२४ की बैठक में लिए निर्णय के अनुसार बीड तक के कार्य व स्पीड ट्रायल समय पर पूरा करने के लिए सांसद ने सभी संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी।

रेल ओवरब्रिज और अंडरपास के प्रस्ताव मांगे

आष्टि तालुका के सोलापुरवाड़ी, कडा, पाटोदा तालुका के गांधनवाड़ी, कारेगांव, शिरूर तालुका के गोमळवाड़ा, विघनवाड़ी, हिवरसिंगा, घुगेवाड़ी और बीड तालुका में नवगण राजुरी, चहाटा, धानोरा रोड में रेल ओवरब्रिज व बीड शहर के ढोलेवस्ती में रेल अंडरपास के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। नए रेल सर्वेक्षण को गति

धाराशिव-बीड-छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) नए रेल मार्ग के सर्वेक्षण को तेजी देने के निर्देश दिए गए।

स्टेशन पर सोलर ऊर्जा परियोजना लगाने के निर्देश

सांसद ने नगर-बीड-परळी रेल मार्ग के सभी प्रमुख स्टेशनों पर आवश्यक बिजली उपलब्ध कराने हेतु सोलर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने और इसके लिए प्रस्ताव व निधि की मांग करने को कहा।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ देशभर में मुस्लिमों के विरोध प्रदर्शन के बाद मोदी सरकार चिंतित!

### केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जारी किया वीडियो संदेश

नई दिल्ली / प्रतिनिधि

देशभर में वक्फ संशोधन बिल २०२५ के खिलाफ मुस्लिम समुदाय द्वारा हो रहे व्यापक विरोध प्रदर्शन से मोदी सरकार चिंतित नजर आ रही है। देश के कई हिस्सों में इस बिल के खिलाफ जोरदार आंदोलन चल रहा है। मुस्लिम संगठनों ने इसे अपने अधिकारों पर हमला बताया है।



इसी बीच केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। अपने संदेश में रिजिजू ने अपील की है कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर गलतफहमियां न फैलाएं और इसे धार्मिक दृष्टिकोण से न देखें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी की जमीन छीनना या धार्मिक अधिकारों पर हमला करना नहीं है, बल्कि वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता लाना है।

गौरतलब है कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन जारी है। मुस्लिम संगठनों का आरोप है कि यह बिल वक्फ संपत्तियों के खिलाफ एक साजिश है। कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन, रैलियां और धरने लगातार हो रहे हैं।

## एसटी कर्मचारियों को अब हर माह ७ तारीख को मिलेगा वेतन-परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक का आश्वासन

मुंबई, ११ अप्रैल:

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एसटी) के कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। परिवहन मंत्री एवं एसटी महामंडल के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने घोषणा की है कि अब से एसटी कर्मचारियों को हर महीने की ७ तारीख को वेतन मिलेगा। मार्च माह के शेष वेतन का भुगतान आगामी मंगलवार तक कर दिया जाएगा।



सरनाईक ने एसटी मुख्यालय में अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद यह आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसटी महामंडल के निदेशक मंडल के सदस्य, परिवहन आयुक्त विवेक भीमनराव, उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. माधव कुसेकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा, आर्थिक कठिनाइयों के कारण मार्च माह में केवल ५६% वेतन ही कर्मचारियों को दिया जा सका, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कर्मचारियों को समय पर पूरा वेतन मिले।

एसटी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास सरनाईक ने कहा कि एसटी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जाएंगे। इसमें बस स्टैंड्स के आधुनिकीकरण, स्वच्छ और आधुनिक शौचालयों की स्थापना, महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और सुरक्षा गार्ड्स की संख्या बढ़ाने जैसे उपाय शामिल हैं। बस स्टैंड्स का आधुनिकीकरण राज्य के विभिन्न बस स्टैंड्स का आधुनिकीकरण 'बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर' (बीओटी) मॉडल के तहत किया जाएगा। पहले चरण में ६६ स्थानों के लिए निविदा प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। नए बसों की खरीद पुरानी बसों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर नई बसों की खरीद की जाएगी। इस वर्ष २,६४० नई 'लालपरी' बसें एसटी के बेड़े में शामिल की जाएंगी, जिनमें से ८०० से अधिक बसें पहले ही विभिन्न डिपो में सेवा में शामिल हो चुकी हैं। इसके अलावा, ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के लिए मिडी बसें और शहरी क्षेत्रों के लिए २०० वातानुकूलित स्लीपर बसें भी खरीदी जाएंगी। सरनाईक ने कहा, एसटी महाराष्ट्र की 'जनवाहिनी' है, और हम इसे आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जमात-ए-इस्लामी हिंद महिला विंग द्वारा कुर्ला में 'ईद मिलन मुशायरा' और 'कवयित्री सम्मेलन' का आयोजन







मुंबई, १२ अप्रैल:

जमात-ए-इस्लामी हिंद महिला विंग मुंबई मेट्रो के तत्वावधान में कुर्ला (पश्चिम) में ईद मिलन के अवसर पर एक भावनात्मक मुशायरा और 'कवयित्री सम्मेलन' का सफल आयोजन किया गया, जिसमें मुंबई की प्रसिद्ध कवयित्रियों और लेखिकाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सबा अख्तर की तिलावत-ए-कलाम पाक से हुई। संचालन के कर्तव्य महिला विंग मुंबई मेट्रो की सचिव श्रीमती रेहाना दशमुख ने बखूबी निभाए। उद्घाटन भाषण में डॉ. फरीदा अख्तर ने रमज़ान के प्रशिक्षण पहलुओं और ईद के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश की वर्तमान स्थिति और गिरती हुई आर्थिक स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य भाग में देश की प्रमुख कवयित्री और लेखिका प्रतिभा सराफ ने अपनी मराठी कविताएं प्रस्तुत कीं। वे भौतिकी की व्याख्याता होने के साथ-साथ १३ पुस्तकों की लेखिका हैं और ७० से अधिक पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। उनकी कविताओं को मुंबई विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया है।

इसके बाद जैश्री हेमचंद्र ने महिलाओं के जीवन पर आधारित अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। वे एक प्रसिद्ध कवयित्री, शिक्षिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उनकी ८ पुस्तकें और ७ काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

फरज़ाना डांगे ने हिंदी और मराठी भाषाओं में अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। वे न केवल कवयित्री बल्कि एक सक्रिय सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यकर्ता, अभिनेत्री और व्यवसायी भी हैं। उनका यह शेर:

पता नहीं हमारे नाम से डर क्यों है
देखते हैं जहाँ-जहाँ मिटा देते हैं

**श्रोताओं को बेहद पसंद आया।**

मुशायरे में भाग लेने वाली अन्य प्रसिद्ध कवयित्रियों में जैश्री चौधरी, डॉ. सैयदा तबस्सुम, रिज़वाना शबनम, मसरत आज़मी, तबस्सुम टाटकर, अज़रा खानम, नईमा इम्तियाज़ और शहनाज़ इफ्त शामिल थीं। सभी कवयित्रियों ने उर्दू, हिंदी और मराठी भाषाओं में रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिनमें महिलाओं की भावनाएं, सामाजिक मुद्दे और अंतरधार्मिक सद्भाव के संदेश प्रमुख थे।

समापन भाषण में राशिदा अंसारी ने श्रोताओं को संबोधित किया। वे जमात-ए-इस्लामी की सदस्य, एमएससी डीएमएलटी धारक और पूर्व टाटा इंस्टीट्यूट की कर्मचारी रही हैं। उनके पिता जनाब अब्दुल रहमान मरहूम जमात-ए-इस्लामी से जुड़े हुए और उर्दू व अंग्रेजी के अनुभवी कवि थे।कार्यक्रम के अंत में महिला विंग मुंबई मेट्रो की नाज़िमा श्रीमती मुमताज़ नज़ीर ने सभी कवयित्रियों और मेहमानों का धन्यवाद किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतरधार्मिक सद्भाव, भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में लगभग १२ स्थानीय और ५० मुस्लिम बहनों ने भाग लिया। अंत में स्वादिष्ट शीर खुरमा परोसा गया और दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जाहीर प्रगटन

सावधान

झमझम इंडस्ट्रीज बीड ही आपल्या झमझम या थंडपेय उत्पादनाचा व्यवसाय करते. ही कंपनी थंडपेयाच्या रिकाम्या बाटल्या किंवा प्लास्टीक क्रेटची विक्री करत नाहीत. बाजारात अशा रिकाम्या बाटल्या खरेदी व विक्री करून त्याचा दुरुपयोग करून कंपनीस बदनाम करण्याचा प्रयत्न होत आहे. अशा प्रकारे रिकाम्या बाटल्या व क्रॅटची खरेदी व विक्री करणे हे कायदेशीर दृष्ट्या गैर आहे. 'झमझम'ची उत्पादनाची विक्री करणाऱ्या विक्रेत्यांनीही याची काळजी घेणे आवश्यक आहे. त्याचप्रमाणे जुने साहित्य (भंगार) खरेदी-विक्री करणाऱ्यांनीही झमझमच्या रिकाम्या बाटल्या अथवा क्रॅटची खरेदी विक्री करणाऱ्यांनीही झमझमच्या रिकाम्या बाटल्या अथवा क्रॅटची खरेदी-विक्री व्यवहार करू नये किंवा त्यास सहकार्य करू नये. असे कोठेही आढळल्यास झमझम इंडस्ट्रीज त्या विरुद्ध कायदेशीर कारवाई करील व त्याच्या परिणामाची जबाबदारी संबंधितावर राहील याची सूचना देण्यासाठीच हा सावधानतेचा इशारा दिला आहे. याची नोंद घ्यावी.

प्रगटन देणार
झमझम इंडस्ट्रीज
झमझम कॉलनी, बीड

**उर्दू दैनिक तामीर के २५ वो साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश**

# महाराष्ट्र में थोरियम न्यूक्लियर रिएक्टर विकास के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में समझौता

विशेष प्रतिनिधि, मुंबई

मुंबई :

महाराष्ट्र में थोरियम न्यूक्लियर रिएक्टर के विकास के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में सह्याद्री अतिथि गृह में एक महत्वपूर्ण समझौता किया गयाद्द यह समझौता महाजेनको (महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी) और रूस की सरकारी कंपनी 'रोसातोम' के 'स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर विद थोरियम फ्यूल' के बीच किया गयाद्द



समझौते का उद्देश्य

इस समझौता पत्र के तहत महाराष्ट्र में थोरियम न्यूक्लियर रिएक्टर का संयुक्त विकास किया जाएगाद्द इसके अलावा, भारत सरकार और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (-एठइ) के सुरक्षा मानकों के अनुसार रिएक्टर का व्यावसायीकरण किया जाएगा। मेक इन महाराष्ट्र पहल के तहत थोरियम रिएक्टर के लिए असेंबली लाइन की स्थापना की जाएगीद्द

नीति स्तर पर मिलेगा समर्थन

इस परियोजना को महाराष्ट्र इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन (मित्रा) और रोसातोम के संयुक्त सहयोग से रणनीतिक समर्थन मिलेगा। भारत सरकार और एईआरबी के मार्गदर्शन में यह पूरा काम किया जाएगाद्द

संयुक्त कार्य समूह करेगा काम

परियोजना के लिए एक संयुक्त कार्य समूह तैयार किया गया है, जिसमें महाजेनको, रोसातोम एनर्जी प्रोजेक्ट, मित्रा और ग्लोबल टेक्नोलॉजी अलायंस के प्रतिनिधि शामिल होंगेद्द

इस समझौते की क्रियान्वयन प्रक्रिया में भारत सरकार के तय किए गए कानूनी प्रावधानों और सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य रहेगा।

बैठक में उपस्थित प्रमुख अधिकारी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय की प्रधान सचिव अश्विनी भिडे□सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, मित्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण परदेशी□ऊर्जा विभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव संजय खंदारे, रूस के प्रतिनिधि और मुंबई स्थित रूसी महावाणिज्यदूत इवान वाय. फेटिसोव, रोसातोम के भारत प्रतिनिधि यूरी ए. लायसेन्को, प्रोजेक्ट डायरेक्टर अलेक्जेंड्रे वोल्गिन, प्रोजेक्ट मैनेजर दिमित्री गुमेन्निकोव, महाजेनको के परियोजना निदेशक अभय हरणे, मुख्य अभियंता अतुल सोनजे, सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमन मित्तल, मित्रा के सह सचिव प्रमोद शिंदे, परमाणु ऊर्जा विभाग के सह सचिव नितीन जावले और ग्लोबल टेक्नोलॉजी अलायंस के किशोर मुंदर्गी उपस्थित थे।

# भाजपा चुनाव में श्रेय लेने के लिए तहव्वुर राणा को बिहार व बंगाल चुनाव से पहले देगी फांसी-संजय राऊत का हमला

रिपोर्ट : जमीर काज़ी, मुंबई

मुंबई :

२६/११ मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाने की प्रक्रिया वर्ष २००९ से शुरू थी, लेकिन अब इसका श्रेय भाजपा ले रही है। इतना ही नहीं बल्कि आने वाले बिहार और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले तहव्वुर राणा को फांसी की सजा दी जाएगी ताकि भाजपा इसका चुनावी लाभ उठा सके। ऐसी तीखी आलोचना शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय राऊत ने शुक्रवार को की।

संजय राऊत ने कहा कि अगर भाजपा में दम है तो वह कुलभूषण जाधव और देश का पैसा लूटकर विदेश भागे विजय माल्या और मेहुल चौकसी को भी भारत लेकर आए।



उन्होंने कहा कि तहव्वुर राणा को भारत लाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति की सफलता नहीं है, बल्कि इसकी कानूनी प्रक्रिया २००९ से चल रही है। भाजपा इसका श्रेय लेकर चुनावी फायदा उठाना चाहती है।

राऊत ने कहा कि तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बाद भाजपा बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावों से पहले उसे फांसी देकर राजनीतिक माहौल अपने पक्ष में करना चाहती है। अगर भाजपा को सच्चा विजय दिखाना है तो देश के आर्थिक घोटालेबाज नीरव मोदी या मेहुल चौकसी को भी भारत लेकर आएं।

अमित शाह पर भी निशाना

संजय राऊत ने कहा कि तहव्वुर राणा को भारत लाने का श्रेय तत्कालीन सरकार का है क्योंकि उसी समय इस प्रक्रिया की शुरुआत हुई थीद्द

इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि १२ अप्रैल को छत्रपति शिवाजी महाराज की ३४५वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अमित शाह रायगढ़ किले पर आ रहे हैं। इस मौके पर वे सांसद तटकरे के निवास स्थान गीताबाग पर भोजन करेंगे।

इस पर तंज कसते हुए राऊत ने कहा कि तटकरे के असली नेता अजित पवार नहीं बल्कि अमित शाह हैं। एकनाथ शिंदे के भी नेता अमित शाह ही हैं। अगर अमित शाह नहीं होते तो महाराष्ट्र में यह पार्टी नहीं टूटती। उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि देवेंद्र फडणवीस को शायद पता नहीं कि वे राज्य के गृहमंत्री हैं। रोज नागपुर, मुंबई और राज्य भर में महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं और गृहमंत्री कहीं नजर नहीं आते।

# परळी वैजनाथ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए २५ करोड़ रुपये स्वीकृत




मुंबई, ११ अप्रैल २०२५ – महाराष्ट्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए, परळी वैजनाथ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए २५ करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह परियोजना 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर के रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण करना है।

# ऑरेंज गेट-मरीन ड्राइव डबल टनल प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार: मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिए समयबद्ध पूरा करने के निर्देश

मुंबई, ११ अप्रैल:

मुंबई में बढ़ती ट्रैफिक समस्याओं के समाधान के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (चचठऊ-) द्वारा ऑरेंज गेट से मरीन ड्राइव तक एक डबल अंडरग्राउंड टनल प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस परियोजना की समीक्षा बैठक में संबंधित एजेंसियों को समन्वय के साथ काम कर इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



प्रोजेक्ट की प्रमुख विशेषताएं:

परियोजना की वर्तमान स्थिति:

मुख्यमंत्री के निर्देश:

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह परियोजना दक्षिण मुंबई की ट्रैफिक भीड़ को कम करने में सहायक होगी और प्रदूषण स्तर में भी कमी आएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि एस.वी. पटेल रोड और मरीन ड्राइव पर आवश्यक सुधार और विस्तार कार्य योजना के अनुसार किए जाएं। परियोजना को दिसंबर २०२८ तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रभाव और लाभ:

यह महत्वाकांक्षी परियोजना मुंबई की परिवहन व्यवस्था में एक नया आयाम जोड़ने के साथ-साथ शहर के समग्र विकास को भी गति प्रदान करेगी।

# ममता ने किया बंगाल में वक्फ कानून न लागू करने का ऐलान

नई दिल्लीः संवादाता

वक्फ संशोधन विधेयक को पिछले हफ्ते लोकसभा और राज्यसभा से पारित हुआ और फिर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उसे स्वीकृत करने के साथ ही इसे कानून घोषित कर दिया। केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन अधिनियम २०२५ के लागू होने का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया लेकिन पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने इस कानून के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि नए वक्फ कानून को उनकी सरकार राज्य में लागू ही नहीं होने देगी।



वक्फ बिल पर ममता बनर्जी ने कहा है कि केंद्र वक्फ संशोधन कानून को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। ममता बनर्जी ने बुधवार को कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम में कहा था कि मैं अल्पसंख्यक लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा करूंगी। उन्होंने कहा कि मैं जानती हूं कि वक्फ कानून बनने से आप निराश हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या वक्फ कानून को ममता पश्चिम बंगाल में लागू नहीं करेंगी।

संसद के कानून को लेकर क्या कहता संविधान? ममता बनर्जी ने नए वक्फ कानून को लेकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा तो खोल दिया है, लेकिन यह समझना भी अहम है कि इस बारे में संविधान क्या कहता है। संविधान के अनुच्छेद २४५ और २४६ के तहत संसद को कानून बनाने का अधिकार है। ऐसे में अगर संसद द्वारा बनाया गया कानून संघ सूची या समवर्ती सूची के विषयों से संबंधित है, तो राज्यों का इसे लागू न करने का अधिकार काफी सीमित ही होता है।

क्या कानून लागू करने के लिए बाध्य हैं राज्य सरकारें

ऐसे में वक्फ की बात करें तो यह केंद्र सरकार विषय है। वक्फ को भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में शामिल किया गया है। बता दें कि केंद्र और राज्य दोनों इस पर कानून बना सकते हैं, यदि केंद्र सरकार कोई कानून बनाती है, तो राज्यों के पास उसे चुनौती देने या उसका पालन न करने का अधिकार नहीं होता, जब तक कि संविधान में कोई विशेष प्रावधान न हो। संवैधानिक नियमों के तहत अगर संसद ने वक्फ प्रबंधन या वक्फ संपत्तियों से संबंधित कोई नया कानून पारित किया है, तो राज्य सरकारें उसे लागू करने के लिए बाध्य हैं, मतलब ये कि मोदी सरकार द्वारा संसद से पारित कराया गया नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार को राज्य में लागू करना ही होगा।

# श्री क्षेत्र नारायणगड के ७३ वें नारळी अखंड हरिनाम सप्ताह का भव्य शुभारंभ

बीडः संवादाता

छत्रपति शिवाजी महाराज, छत्रपति संभाजी महाराज और जिजाऊ माँ साहेब की जीवंत झांकियों ने शोभायात्रा को बनाया आकर्षण का केंद्र सप्ताह स्थल पर भव्य विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर, छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा और गोमाता मंदिर की स्थापना की गई। यहां ह. भ. प. शिवाजी महाराज के हस्ते श्री विठ्ठल रुख्मिणी मूर्ति की विधिवत पूजा, ग्रंथ पूजन और वीणा पूजन किया गया। बाळु देवा ने इस विधि का पौरोहित्य किया।

इस अवसर पर वै. ह. भ. प. प. पू. गुरुवर्य महंत महादेव महाराज, श्री क्षेत्र नारायणगड के मठाधिपति ह. भ. प. प. पू. गुरुवर्य शिवाजी महाराज, संघर्ष योद्धा मनोज जरांगे पाटील के रंगोली चित्र बनाए गए। इसके बाद, सप्ताह स्थल पर बने भव्य कीर्तन मंडप में उनका आगमन हुआ। यहां श्री क्षेत्र नारायणगड के उत्तराधिकारी संभाजी महाराज, श्रीराम संस्थान के महंत भानुदास महाराज शास्त्री, श्री क्षेत्र सुरळे गांव के रंगनाथ महाराज, श्री क्षेत्र दगडवाडी के मठाधिपति विवेकानंद शास्त्री दिसले महाराज, श्रीरंग डोंगरे महाराज, लाटे महाराज, श्री क्षेत्र नारायणगड के विश्वस्त बळीराम गवते, बी. बी. गीते, महादेव तुपे, गोवर्धन काशिद, किशोर पिंगळे, प्रा. सुशीला मोराळे, राजेंद्र मस्के सहित कई मान्यवर उपस्थित थे। राक्षसभवन ग्रामवासियों की ओर से सभी महाराज मंडली का स्वागत और सत्कार किया गया। इसके बाद ह. भ. प. गुरुवर्य शिवाजी महाराज और संघर्ष योद्धा मनोज जरांगे पाटील ने उपस्थित भक्तों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम का प्रास्ताविक सुधाकर खोले ने किया और आभार दादासाहेब खोले ने व्यक्त किया। दिंडी प्रदक्षिणा मिरवणूक की सफलता के लिए अखंड हरिनाम सप्ताह संयोजन समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य, राक्षसभवन के ग्रामवासी और भगवान राऊत ने परिश्रम किया।







दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com